# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1505)

| Name of Candidate | ROSHAN | | |
|---|---|---|---|
| Medium Hindi/Eng. | HINDI | Registration Number | 4144 |
| Center | ONLINE | Date | 21/11/2021 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6(a) | 10 | |
| 6(b) | 10 | |
| 6(c) | 10 | |
| 7 | 20 | |
| 8 | 20 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWELVE** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें बारह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नही मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION – A

1. (a) Open Government Data (OGD) can be seen as a step towards greater transparency and accountability in India. In this context, discuss the benefits of OGD and the challenges which lie therein. **(150 words) 10**

ओपन सरकारी डेटा (OGD) को भारत में अधिक से अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। इस संदर्भ में, OGD के लाभों और उसमें निहित चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

ओपन सरकारी डाटा सरकारी डाटा के सभी लोगों तक पहुँच योग्य और सार्वजनिक होने से सम्बंधित है।

उदाहरण:- ① प्रश्न एवं उत्तर रूप में डाटा।
② विभिन्न वित्तीय डाटा।
③ योजनाओं, उनका खर्च का डाटा।

नीलन समिति तथा द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की चौथी रिपोर्ट खुले डाटा को पारदर्शिता जवाबदेही की पूर्व शर्त मानती है।

**OGD के लाभ**

① पारदर्शिता बढ़ाने में सहायक - सरकारी योजनाओं और बंद-कार्य संस्कृति से मुक्ति मिलती है।

② जनता का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

है।

(3) जनता तक कामों, योजनाओं की पहुंच बढ़ती है जिससे कल्याणकारी कार्यक्रम प्रभावी तरीके सम्पन्न होते हैं

(4) प्रशासनिक भ्रष्टाचार नियंत्रण, जन उन्मुखी जवाबदेही संस्कृति, दक्षता एवं प्रभावशीलता को बढ़ावा मिलता है।

(5) सुशासन और न्यूनतम शासन अधिकतम अभिशासन की पूर्व शर्त है।

**निहित चुनौतियां** (1) संवेदनशील डाटा का सार्वजनिक होने का खतरा

(2) डाटा का प्रबंधन और उपलब्धता उसकी डाटा विश्वसनीयता का मुद्दा।

(3) जन जागरूकता का अभाव

(4) ऑफिशियल सिक्रेट एक्ट 1923 से टकराव

(5) छिपाने की प्रशासनिक मनोवृत्ति।

अतः, खुला सार्वजनिक डाटा आज अभिशासन और प्रशासनिक जवाबदेही की प्रमुख शर्त है।

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. (b) "While corruption is never good, not all forms of corruption are equally bad for the economy, nor do they cause the same kind of harm." Critically analyse the statement in the context of India. (150 words) 10

यद्यपि भ्रष्टाचार कभी अच्छा नहीं होता है, तथापि सभी प्रकार के भ्रष्टाचार अर्थव्यवस्था के लिए समान रूप से बुरे भी नहीं होते हैं, न ही वे समान क्षति पहुंचाते हैं। भारत के संदर्भ में, इस कथन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

भ्रष्टाचार का तात्पर्य भ्रष्ट आचरण से है। अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार काला धन, राजस्व चोरी, गैरप्रतिस्पर्धी, नियम कानूनों का उल्लंघन से तथा प्रशासन में भाई-भतीजावाद, भेदभाव पक्षपात से सम्बंधित है।

नैतिक दृष्टि से भ्रष्टाचार हमेशा बुरा होता है किंतु अर्थव्यवस्था में कभी-कभी भ्रष्टाचार सकारात्मक प्रभाव डालते हैं-

① भ्रष्टाचार द्वारा काला धन निर्मित होता है जो अतिरिक्त मांग सृजन, औद्योगिक भी गतिविधियों को बढ़ाता है।

② 'व्हाइट गुड्स' वस्तुओं की मांग बढ़ाता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

है भ्रष्टाचार।

(3) रोजगार सृजन और नवीन उद्योगों को गति देने में सहायता करता है।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय रूप से भ्रष्टाचार से प्राप्त धन विदेशों में देश के निवेश को बढ़ाता है।

किंतु भ्रष्टाचार लाभ की तुलना में नकारात्मक प्रभाव अधिक डालता है—

(1) अमीर-गरीब की खाई बढ़ाता है - ऑक्सफैम रिपोर्ट

(2) प्रशासन, राजनीति को भ्रष्ट करने में सहायता करता है।

(3) स्वच्छ प्रतिस्पर्धा, औद्योगिक वातावरण को क्षति पहुँचाता है।

(4) गरीबों, दलित, जनजातियों, महिलाओं पर ज्यादा प्रभाव डालता है।

कह सकते हैं कि भले ही भ्रष्टाचार थोड़े लाभ दे किंतु व्यापक रूप में नकारात्मक प्रभाव ज्यादा होते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) Probity in governance is an essential and vital requirement for an efficient and effective system of governance and for socio-economic development. Discuss. Also, state ways to enhance probity in governance. **(150 words) 10**

शासन व्यवस्था में ईमानदारी (प्रोबिटी) एक कुशल एवं प्रभावी शासन प्रणाली तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। चर्चा कीजिए। साथ ही, शासन व्यवस्था में ईमानदारी बढ़ाने के तरीकों का भी उल्लेख कीजिए।

शासन में ईमानदारी का तात्पर्य नोलन समिति अनुसार आचार संहिता का पालन, प्रशासनिक नियम कानूनों के प्रति ईमानदार रहते हुए विवेक की शक्ति का सकारात्मक प्रयोग से है।
उदाहरण:- वित्तीय स्रोतों का खुलासा

कुशल एवं प्रभावी शासन प्रणाली हेतु ईमानदारी — (1) ईमानदार व्यक्ति नियमों का पालन करता है।
(2) विवेक की शक्ति का प्रयोग प्रशासन हित में करता है।
(3) ईमानदारी से भ्रष्टाचार-भाई भतीजावाद पर नियंत्रण लगाता है प्रशासन की कार्यसंस्कृति में सुधार होता है।
(4) अधीनस्थों में ईमानदारी की प्रेरणा आती है।

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सामाजिक - आर्थिक विकास में ईमानदारी

① ईमानदारी अर्थव्यवस्था को रोकता लोग संसाधनों का लाभार्थी तक पहुँच सुनिश्चित करती है - जैसे PDS में लाभ

② लोग विश्वास बढ़ता है प्रशासन के प्रति इससे प्रशासन प्रभावी तरीके से अपनी नीतियां लागू करा पाता है।

③ काला धन नियंत्रण, नियम पालन संभव

(ईमानदारी बढ़ाने के तरीके)

① सूचना का अधिकार अधिनियम,

② ई-गवर्नेंस, आचार संहिता का पालन

③ नियुक्ति में ईमानदारी का परीक्षण,

④ प्रथम तैनाती ईमानदार कार्मिकों के साथ।

⑤ कानूनों की स्पष्टता।

⑥ नैतिक संहिता, प्रशासनिक आचार संहिता का पालन।

⑦ अपराधी को दण्ड।

इस प्रकार ईमानदारी संभव है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (b) Highlighting the importance of whistle-blowing in an organisation, discuss the systemic factors that determine whether a person would become a whistle-blower. **(150 words) 10**

किसी संगठन में व्हिसल-ब्लोइंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन प्रणालीगत कारकों की विवेचना कीजिए जो यह निर्धारित करते हैं कि कोई व्यक्ति सूचना-प्रदाता (व्हिसल-ब्लोवर) बनेगा या नहीं।

व्हिसल ब्लोइंग का तात्पर्य लोक या व्यापक जन हित में अपने संगठन की महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने से है।

उदाहरण: एडवर्ड स्नोडेन द्वारा अमेरिकी खुफिया जासूसी कार्यक्रम को सार्वजनिक करना।

**व्हिसल ब्लोइंग का महत्व**

① प्रशासनिक भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

② जवाबदेही की संस्कृति सुनिश्चित करते हैं।

③ संस्थागत लाभ की तुलना व्यापक लोक कल्याण को सुनिश्चित करना

④ पर्यावरण नैतिकता, अन्तरात्मा की आवाज के अनुरूप कार्य।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

विसल ब्लोअर बनने की प्रणाली (शर्तें)

① विधिक सुरक्षा की स्थिति —
यदि विधि द्वारा व्हिसल ब्लोअर को सुरक्षा नहीं दी जाती तो उसकी हत्या संभव।

② सूचना का अधिकार लागू होना पूर्वशर्त

③ नाम - पहचान छुपाने की बातें भी आवश्यक है

④ रोजगार की सुरक्षा ताकि संस्था उसके खिलाफ कार्यवाही न करे।

⑤ आचार संहिता या संस्थागत नियम और व्हिसल ब्लोअर द्वारा सूचना सार्वजनिक करने के मध्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति।

⑥ राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे।

अतः द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा और संरक्षण को महत्व दिया।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**3.** What do each of the following quotations mean to you?

निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण का आपके लिए क्या अर्थ है?

**(a)** "Strive not to be a success, but rather to be of value." - Albert Einstein **(150 words) 10**

"सफल व्यक्ति बनने का प्रयास मत कीजिए, बल्कि सिद्धांतों वाला व्यक्ति बनने का प्रयास कीजिए।" - अल्बर्ट आइंस्टीन

सफल होने और सिद्धांतवादी होने के मध्य समानता और अंतर दोनों विद्यमान होता है।

सफलता जहां स्वयं के लक्ष्यों की प्राप्ति से सम्बंधित है वहीं साध्य की उपलब्धता है जिसका साधन पवित्र है या अपवित्र महत्वपूर्ण नहीं होता।

वहीं सिद्धांतों वाला व्यक्ति अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा। साध्य की पवित्रता के साथ साधन की पवित्रता उसका लक्ष्य होगा।

अनैतिक सिद्धांतों से सफलता आसान होती है जैसे सत्यम घोटाला, सहारा चिट फंड घोटाला, मेहुल-चोकसी घोटाला

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

~~स्वा~~ सफल होने के लिए धन,
अर्थ, साम दाम जैसे तरीकों को अपनाना
आसान होता है।

किंतु सिद्धांतों को महत्व देने हेतु
नैतिक, मूल्यवान, ईमानदारी, संवेदनशीलता
जैसे गुणों का होना आवश्यक होता है

(उदाहरण) महात्मा गांधी ने चोरा-चोरी
घटना उपरांत असहयोग आंदोलन वापस
ले लिया।

सिद्धांत वादी बनने से व्यक्ति अपनी
अन्तरात्मा और स्वयं से आँख मिला
पाता है।

उसे किसी अन्य व्यक्ति के आगे
झुकना नहीं पड़ता जिससे दीर्घकालीन
रूप से उसकी सफलता सुनिश्चित होती
है।

अतः सफलता से अधिक महत्वपूर्ण
सिद्धांतवादी बनना है सफलता तभी भी मिलती है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (b) "Facts are many, but the truth is one." - Rabindranath Tagore

(150 words) 10

"तथ्य कई हैं, पर सत्य एक है।" - रवीन्द्रनाथ टैगोर

सत्य ईश्वर का आदेश होता है (भगवद् ~~मिता~~ गीता में)

सत्य एक होता है। सत्य वह वस्तुनिष्ठ पर्याप्त जानकारी तथ्य होता है जो भावनाओं, पूर्वाग्रहों और प्रच्छन्नताओं से मुक्त होता है।

उदाहरण: (1) सूर्य पूर्व दिशा में उदित होता है।

(2) गरीब का कल्याण करना प्रशासक का कर्तव्य है।

वही तथ्य कई सारे होते है। तथ्य सूचनाओं का समूह होता है किंतु यह जरूरी नहीं कि सूचनायें पूर्णतः सही ही हो। हो सकता है सूचना गलत तथ्यों पर आधारित हो।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उदाहरण: 15वीं सदी से पूर्व पृथ्वी केंद्रीत विश्व की संकल्पना तथ्य थी।

किसी सत्य को प्रस्तुत करने के लिए तथ्यों का प्रयोग किया जाता है किंतु उन तथ्यों को अधूरा और तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा सकता है।

फिर भी मूल सत्य छुप नहीं पाता। महात्मा गांधी ने सत्य को अन्तरात्मा की आवाज इसी अर्थ में माना।

प्रशासन में तथ्यों का सही और उचित होने से ही भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पक्षपात को समाप्त कर वास्तविक प्रशासनिक सत्य की प्राप्ति की जा सकती है।

इस प्रकार सूचना का अधिकार, व्हिसल ब्लोअर कानूनों द्वारा सभी सत्य तक पहुंचने के प्रयास होने चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (a) Analyze the significance of appointing ethics officers in the light of strengthening corporate governance in India. **(150 words) 10**

भारत में कॉर्पोरेट शासन को मजबूत करने के आलोक में एथिक्स ऑफिसर्स (नैतिकता अधिकारियों) की नियुक्ति के महत्व का विश्लेषण कीजिए।

कॉर्पोरेट शासन का तात्पर्य प्रशासन में उपभोक्ताओं का हित, निवेशकों के हित तथा कम्पनी प्रबंध निदेशकों और शेयरधारकों के हित को सुनिश्चित करने से है [सेबी एक्ट की धारा 49]

उदाहरण: ① सत्यम घोटाला
② नीरव मोदी घोटाला
③ वोल्क्सवेगन द्वारा झूठी जानकारी

कार्पोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने का लाभ:
→ पारदर्शिता बढ़ती है
⇒ कार्यसंस्कृति में सुधार होता है।
→ भ्रष्टाचार नियंत्रण
→ निवेश को बढ़ावा)

एथिक्स ऑफीसर्स कॉर्पोरेट कल्चर में नैतिक संहिता के पालन को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

(नियुक्ति का महत्व)

① विधि, नियम अन्तरालों की स्थिति में

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रशासन में नैतिकता को सुनिश्चित करना।

(2) कार्मिकों को नैतिकता का प्रशिक्षण प्रदान करना और उनका मार्गदर्शन सुनिश्चित करना।

(3) प्रशासनिक निर्णयों की नैतिकता, संवेदनशीलता, अभिप्रेरणा के आधार में मूल्यांकन करना।

(4) जनता में प्रशासन की छवि को सुधारना।

(5) दक्षता - प्रभावशीलता और लोक विश्वास में वृद्धि करने में सहायक।

(6) कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी में सहायता देना।

इस प्रकार नैतिकता अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यसंस्कृति को नैतिक बनाने में सहायता होते है।

4. **(b)** Transparent governance promises an accountable state but a balance has to be achieved between disclosure requirements and administrative privileges for efficient governance. Discuss. **(150 words) 10**

पारदर्शी शासन एक जवाबदेह राज्य का भरोसा दिलाता है, लेकिन कुशल शासन व्यवस्था के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताओं और प्रशासनिक विशेषाधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। चर्चा कीजिए।

पारदर्शी शासन का तात्पर्य खुली प्रक्रिया जवाबदेही प्रणाली, नियमों का पालन और उत्तरदायी व्यवस्था से होता है।

उदाहरण: सिटिजन चार्टर

पारदर्शी शासन द्वारा जवाबदेही

① बंद प्रणाली से खुली प्रणाली की तरफ जाने में सहायक होती है।

② उत्तरदायी और दक्षता प्रभावशीलता को बढ़ाते है।

③ प्रशासक लिये गये निर्णयों हेतु नियमों का पालन हेतु बाध्य होता है।

④ सुशासन का आधार पारदर्शी प्रणाली है।

⑤ प्रशासन जनता की दूरी समाप्त होती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

वहीं प्रशासनिक विशेषाधिकार ⇒ प्रतिस्पर्धा में बने रहने, व आतंरिक ग्रुप संवेदनशील सूचनाओं की उपलब्धता से है।

प्रशासनिक विशेषाधिकार एवं पारदर्शी के मध्य संतुलन क्यों आवश्यक?

① खुलापन सार्वजनिक दखल को बढ़ाता है जिस कारण प्रशासनिक मनोबल और प्रेरणा में गिरावट आती है।

② खुलापन संवेदनशील जानकारी को सार्वजनिक करता है जिससे प्रतिस्पर्धी निजी संस्थाओं की रणनीति अग्रगामी हो जाती है।

③ खुलापन की अधिकता राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष खतरा डालता है जैसे RAW, IB की महत्वपूर्ण जानकारी।

④ लोक हित में सभी जानकारी सार्वजनिक करना आवश्यक नहीं होता जैसे RTI Act की धारा 8 (२)

अतः खुलापन और विशेषाधिकारों के मध्य संतुलन ही प्रशासन का बढ़ाता है।

5. (a) Citizen empowerment is a natural outcome of a Citizen Charter. Critically evaluate in the Indian context. (150 words) 10

नागरिक सशक्तीकरण सिटीजन चार्टर का एक स्वाभाविक परिणाम है। भारतीय संदर्भ में समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

सिटीजन चार्टर जॉन मेजर सरकार (1991) में ब्रिटेन में सबसे पहले आया।
भारत में 1998 में मुख्यमंत्री सम्मेलन में पहली बार इसे अपनाया गया।
सिटीजन चार्टर वह योजना पत्र है जिसमें कोई संस्था अपना वीजन, मिशन तथा सेवाओं के साथ ग्राहकों की योजना करती है तथा निर्धारित समय-सीमा में सेवा प्रदान करने का आश्वासन देती है।

नागरिक सशक्तिकरण में सिटीजन चार्टर

① किसी सार्वजनिक संस्था द्वारा प्रदान सेवाओं और समयबद्ध उसकी उपलब्धता सुनिश्चित हो पाती है।
② शिकायत निवारण तंत्र से सेवाओं की प्राप्ति में बाधा होने पर शिकायत संभव।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) चार्टर निर्माण में नागरिक सहयोग
(4) प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ाता है।
(5) भ्रष्टाचार नियंत्रण में सहायक।
(6) नागरिक प्रशासन अन्तर्क्रिया और विश्वास को बढ़ाता है।
(7) प्रशासकों की मनोवृत्ति को नागरिक अनुरूप बदलना।

भारत में सिटीजन चार्टर के समक्ष निम्न बाधायें हैं –(द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग)
(1) चार्टर को अद्यतन नहीं करना
(2) जनता को जागरूक नहीं करना।
(3) शिकायत निवारण प्रणाली अप्रभावी
(4) सेवा परिभाषित/वर्गीकरण अतार्किक।
(5) प्रशासन मनोवृत्ति लालफीताशाही
(6) क्षेत्रीय भाषा में नहीं होना।
(7) सही जगह प्रस्तुत नहीं कर पाना।
(8) निर्माण में हितधारक सहयोग का अभाव

IInd ARC ने उपरोक्त समस्याओं के समाधान व सुधार के लिए अनुशंसा की है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(b)** Discretionary power by itself is not pure evil but gives much room for misuse. Discuss in the context of administration in India. **(150 words) 10**

विवेकाधीन शक्ति अपने आप में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह दुरुपयोग की अत्यधिक संभावना उत्पन्न करती है। भारत में प्रशासन के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

विवेकाधीन शक्ति - नियम, प्रक्रियाओं और कानूनों के अभाव में प्रशासकों को प्राप्त वे विवेकाधिकार है जिनमें प्रशासकों को निर्णय करना पड़ता है।

उदाहरण: ① आधार कार्ड नहीं होने पर पी.डी.एस का लाभ कैसे दे।
② अप्रत्याशित घटना पर प्रतिक्रिया हेतु

विवेकाधीन शक्तियां बुराई नहीं है

① कोविड - 19 महामारी में अप्रत्याशित लॉकडाउन लगाने का निर्णय।
② नियम या कानून के अभाव की स्थिति से बचने में सहायक।
③ नेतृत्व क्षमता का परीक्षण में सहायक
④ प्रशासकों का मनोबल बढ़ाती है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

भारतीय प्रशासन में दुरुपयोग की संभावना

① भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद की समस्या को बढ़ाता है।

② नियमों कानूनों की गलत व्याख्या कर विवेक की स्थिति उत्पन्न की जाती है।

③ जवाबदेही उत्तरदायित्व से बचने में प्रयुक्त।

④ विवेकाधीन शक्ति की व्याख्या व्यक्तिगत है अतः इसके कारण अलग व्यक्ति अलग-अलग निर्णय लेता है।

⑤ प्रशासनिक अनिश्चितता को बढ़ाते हैं।

⑥ जन विश्वास में कमी

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग और वाई. के अलघ समिति ने विवेक की शक्ति को सीमित करने तथा अन्तरात्मा की सच्ची आवाज से निर्णय करने की प्रेरणा दी है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. **(a)** Emotional Intelligence is an important trait to imbibe in a highly competitive and achievement-oriented environment. Elucidate.

**(150 words) 10**

भावनात्मक बुद्धिमत्ता एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और उपलब्धि-उन्मुख परिवेश में आत्मसात किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण गुण है। विशदीकरण कीजिए।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता का तात्पर्य स्वयं की भावना को समझना, उसको प्रबंधित करना, अन्यों की भावना को समझना और उनको दिशा देने से संबंधित होती है।

- भावनात्मक बुद्धिमत्ता
  - स्वयं को प्रबंधित
  - स्वप्रेरणा
  - सामाजिक मनोभाव
  - संवेदनशीलता

भावनात्मक बुद्धिमत्ता अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और उपलब्धि उन्मुख परिवेश में सहायक है ⇒

(1) प्रतिस्पर्धी की स्थिति में सफल बनाने में सहायक होती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② स्वयं की क्षमता और कमजोरी को पहचाने में सहायक। जिससे स्वयं की क्षमता से बढाया जा सकता है।

③ तनाव, गुस्सा, चिंता जैसी नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक।

④ उपभोक्ता की प्रवृत्ति को वास्तविक आवश्यकता और दिखावे की झूठी मनोवृत्ति से अलग करने में मदद करती है।

⑤ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बनती है।

⑥ लोगों से प्रेम करना अजनबी लोगों के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती है।

⑦ प्रेम, मानवता, आत्मविश्वास, संवेदनशीलता बनाने में सहायक।

अतः भावनात्मक बुद्धिमत्ता सफल होने तथा गरीमापूर्ण जीवन जीने की अनिवार्य जरूरत है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. (b) Emotional Intelligence is an essential ingredient for successful implementation of pandemic induced emergency response. Comment in the light of COVID-19 pandemic. (150 words) 10

भावनात्मक बुद्धिमत्ता महामारी जनित आपातकालीन अनुक्रिया के सफल कार्यान्वयन हेतु एक अनिवार्य घटक है। कोविड-19 महामारी के आलोक में टिप्पणी कीजिए।

भावनात्मक बुद्धिमता का तात्पर्य स्वयं की भावना को पहचानना, उसे प्रबंधित करना, लोगों की भावना को पहचाने उसे दिशा देने और प्रेरित करने में मदद करती है।

वर्तमान कोविड-19 महामारी में भावनात्मक बुद्धिमता की जरूरत बढी-

① लॉकडाउन में अकेलापन, अप्रत्याशित संत्रास जैसी व्यक्तिगत नकारात्मक मनोवृत्ति पर नियंत्रण में सहायक रही। स्वप्रेरणा और आत्मविश्वास को बढाती है।

② प्रवासी संकट में प्रशासन को लोगों को समझाने में सहायक)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) टीको के प्रति फैले भ्रम को दूर करने में सामाजिक अनुमान में प्रशासकों की मदद करती है।

(4) भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्वारा घरेलू हिंसा, महिलाओं के ऊपर अत्याचार को नियंत्रित करने में मदद।

(5) बेरोजगारी, भविष्य को लेकर चिंता में स्वयं को प्रेरित रखने में सहायक।

(6) पर्यावरण के स्वच्छ होने के कारण वर्तमान मानव जीवन प्रणाली के प्रति सोचने में सहायक।

(7) लोगों के तनाव गुस्से को शांत करने में सहायक।

(8) पुलिस प्रशासन, डॉक्टर-नर्स, अन्य फ्रन्टलाइन वर्करों को प्रेरित रखके कार्य कराने में सहायक।

अतः वैश्विक वैश्विक महामारी के प्रबंधन और लोगों को प्रेरित करने तथा मनोबल बढ़ाने में भावनात्मक बुद्धिमत्ता सहायक रही।

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. **(c)** Enumerate the decisive factors behind moral attitude. Also, discuss any incident from your life wherein you brought about a change in someone's attitude around an important social issue. **(150 words) 10**

नैतिक अभिवृत्ति के लिए उत्तरदायी निर्णायक कारकों को सूचीबद्ध कीजिए। साथ ही, अपने जीवन की ऐसी किसी भी घटना की विवेचना कीजिए जिसमें आप किसी महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर किसी व्यक्ति की अभिवृत्ति में परिवर्तन लाने में सफल हुए थे।

नैतिक अभिवृत्ति - अभिवृत्ति का नैतिक, विधिक, ईमानदारी सत्यनिष्ठ होने से है।

उत्तरदायी कारक

- परिवार
- माता पिता के मूल्य
- शिक्षा
- स्वयं द्वारा अनुभव
- राजनैतिक दल
- मीडिया
- धर्म

अभिवृत्ति में परिवर्तन की घटना

① स्कूली समय में कक्षा में

सहपाठी के अन्य धर्म के प्रति बनी नकारात्मक अभिवृत्ति को बदला और अस्पृश्यता और छुआछूत की पूर्वधारणा से मुक्त किया।

मैंने स्वयं ने दलित मित्र के साथ भोजन कर अन्य सहपाठियों को प्रेम, भ्रातृत्व की भावना सिखाई।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION – B

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**7.** You are a single mother and work as a school counsellor for the psychological well-being of primary and secondary school children at a reputed school. Recently, you have found through your interactions that several students have been facing emotional trauma and mental health issues. Realising the gravity of the situation you want to discuss this with the school authorities and the board of trustees and come up with an advanced plan that can help parents get better involved. However, during the meeting, concerns are raised regarding your findings and the lack of supporting evidence is also cited by some. Moreover, senior members who are present express a sense of displeasure at what this might mean for the reputation of the school.

You are thoroughly appalled with this approach of the school authorities, yet you are mired down in your own financial circumstances.

On the basis of the above situation, answer the following:

**(a)** Identify the most relevant stakeholders in the case.

**(b)** What are the dilemmas in the case?

**(c)** Discuss how stigmatisation of mental health issues can be addressed in schools. **(20)**

आप एक अकेली माँ हैं और एक प्रतिष्ठित स्कूल में प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों के मनोवैज्ञानिक कुशलक्षेम के लिए स्कूल काउंसलर के तौर पर काम करती हैं। हाल ही में, आपने अपनी बातचीत के माध्यम से पाया कि कई छात्र भावनात्मक आघात और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों का सामना कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए आप स्कूल के अधिकारियों और न्यासी बोर्ड के साथ इस पर चर्चा करना और एक उन्नत योजना तैयार करना चाहती हैं जिससे माता-पिता को बेहतर तरीके से शामिल होने में मदद मिल सके। हालांकि, बैठक के दौरान, आपके निष्कर्षों के संबंध में चिंताएँ व्यक्त की जाती हैं और कुछ लोगों द्वारा समर्थनकारी साक्ष्यों के अभाव का भी हवाला दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, मौजूद वरिष्ठ सदस्य इस बात पर नाराजगी व्यक्त करते हैं कि इसका स्कूल की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ सकता है।

आप स्कूल के अधिकारियों के इस दृष्टिकोण से पूरी तरह से हतप्रभ हैं, मगर आप अपनी वित्तीय परिस्थितियों में फंसी हुई हैं।

उपर्युक्त स्थिति के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** इस प्रकरण में सर्वाधिक प्रासंगिक हितधारकों की पहचान कीजिए।

**(b)** इस प्रकरण में कौन-सी दुविधाएँ हैं?

**(c)** चर्चा कीजिए कि स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य के कलंकीकरण मुद्दों का समाधान कैसे किया जा सकता है।

Don't write anything in margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कोविड-19 जनित स्थितियों में पाया गया कि हर चौथा व्यक्ति मानसिक तनाव से गुजर रहा था।

उपरोक्त प्रकरण मानसिक स्वास्थ्य के प्रति प्रचलित रूढ़िवादी धारणा और बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता से जुड़ा है।

(a) प्रासंगिक हितधारक निम्नलिखित होंगे

| हितधारक | हित |
|---|---|
| (1) बच्चे | + मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा<br>+ भावनात्मक मजबूती<br>+ स्वास्थ्य की उपलब्धता<br>+ शिक्षा |
| (2) वरिष्ठ प्रबंधन | + संस्था की प्रतिष्ठा<br>+ बच्चों का कल्याण<br>+ व्यवसायिक लाभ |
| (3) मैं स्वयं | + व्यवसायिक नैतिकता की रक्षा<br>+ रोजगार सुरक्षा |

| | |
|---|---|
| | + अन्तरात्मा की आवाज सुनना |
| (4) माता-पिता | + सही जानकारी तक पहुँच<br>+ बच्चों का स्वास्थ्य<br>+ बच्चों की शिक्षा |
| (5) राष्ट्र | + स्वस्थ बच्चे<br>+ गरिमापूर्ण जीवन<br>+ सामाजिक कलंकों से मुक्ति |

(8) इस प्रकरण में विद्यमान दुविधायें

(1) व्यक्तिगत रोजगार का हित बनाम व्यवसायिक नैतिकता का पालन।

(2) अन्तरात्मा की आवाज बनाम वरिष्ठों के आदेश का पालन।

(3) व्यवसायिक लाभ बनाम बच्चों का स्वास्थ्य

(4) व्यवसायिक प्रतिष्ठा बनाम अंधविश्वास रूढ़िवादी धारणाओं से मुक्ति।

(5) वरिष्ठों का दबाव बनाम विवेकपूर्ण निर्णय।

(6) माता-पिता को सूचना पहुँचाना बनाम गोपनीयता।

(7) साक्ष्यों की कमी के आलोक में अंतिम निर्णय बनाम कारण जुटाना समय साध्य होगा।

(c) समाधान करने का तरीका

(1) सर्वप्रथम मैं स्कूल काउंसलर के तौर पर साक्ष्यों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करूँगा।

(2) पुनः दूसरा वरिष्ठों को पर्याप्त वैज्ञानिक तर्कों के आधार पर समझाऊँगा कि बच्चों के मानसिक तनाव का मुद्दा सामान्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है किंतु इसको

उपेक्षा करना दुर्गामी नकारात्मक परिणाम देगा।

(3) स्कूल की छवि तथ्य को, सत्य को छिपाने से नहीं बल्कि सच्चाई को स्वीकारने से सुधरेगी।

(4) माता-पिता को मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति सरल शब्दों में समझाने का प्रयास। पूर्व के उदाहरणों, डाक्यूमेंट्री इत्यादि का प्रयोग किया जाएगा।

(5) NGO, समाजसेवी, डॉक्टरों की मदद ली जाएगी।

(6) स्कूली शिक्षा के साथ योग, ध्यान खेल को सम्मिलित करना।

इस प्रकार सभी हितधारकों, उनके हितों को साधना संभव होगा और सामाजिक कलंक से जुड़ी समस्या दूर होगी।

8. You are an IPS officer on your first posting in a very poor and isolated rural area of one of the most backward states of the country. In your office complex, of which you are the incharge, there is a frequent sewage related problem, causing inconvenience to the employees in your office complex and severely affecting the efficiency of the workplace. It might also lead to health disorders and diseases such as cholera, diarrhoea etc.

To resolve it, the cleaning workers are made to do manual scavenging work without due regards to their safety. Most of these workers are from marginalised castes and are discriminated against socially. You are aware of the laws banning manual scavenging and the loopholes around it. In this context, answer the following questions:

**(a)** What are the issues which you need to address in this situation?

**(b)** Present your course of action to deal with the given situation.

**(20)**

आप एक IPS अधिकारी हैं। देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से एक राज्य के एक बहुत ही निर्धन और अलग-थलग ग्रामीण क्षेत्र में आपकी पहली तैनाती होती है। आपके कार्यालय परिसर में, जिसके आप प्रभारी हैं, अक्सर सीवेज से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है, जिससे आपके कार्यालय परिसर के कर्मचारियों को असुविधा होती है और कार्यस्थल की दक्षता भी बुरी तरह से प्रभावित होती है। इससे स्वास्थ्य विकार और हैजा, दस्त आदि जैसी बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं।

इस स्थिति का समाधान करने के लिए, सफाई कर्मियों से उनकी सुरक्षा का उचित ध्यान रखे बिना मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला ढोने) का कार्य कराया जाता है। इनमें से अधिकतर श्रमिक हाशिए पर रहने वाली जातियों के हैं और उनके साथ सामाजिक रूप से भेदभाव किया जाता है। आप मैनुअल स्कैवेंजिंग को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों और उनमें निहित कमियों से अवगत हैं। इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** वे कौन से मुद्दे हैं जिन्हें आपको इस स्थिति में समाधान करने की आवश्यकता है?

**(b)** दी गई स्थिति से निपटने के लिए अपनी कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

~~प्रस्तुत प्रकरण में मैला ढ प्रमुख~~

भारत के कई जिलों में प्रस्तुत प्रकरण में विद्यमान समस्यायें और मुद्दे दिखाई देते है

प्रमुख हितधारकों मे →

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(1) पुलिस कार्मिक (कर्मचारी)
- स्वास्थ्य का हक
- स्वस्थ वातावरण का हक

(2) सफाई कार्मिक
- गरिमापूर्ण रोजगार का अधिकार
- अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता उन्मूलन
- कानूनी अधिकार

(3) जनजातियां
- सामाजिक समानता
- गरिमापूर्ण जीवन

(4) पुलिस प्रशासन - कार्यस्थल की दक्षता

(5) वे मुद्दे जिनका समाधान करने की आवश्यकता है:—

(1) हाथ से मैला ढोने की समस्या
सुप्रीम कोर्ट ने इसे गरिमापूर्ण जीवन के खिलाफ माना है।

(2) सीवेज की समस्या—
बीमारियों और लोक स्वास्थ्य की समस्या उत्पन्न करती है।

(3) <u>अस्पृश्यता की समस्या</u>
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता को अपराध माना है

(4) <u>पिछड़ेपन की समस्या, गरीबी</u> -
गरीबीपूर्ण रोजगार स्रोतों का अभाव

(5) <u>पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा</u>
पुलिस जनता का अनुपात पहले ही देश में काफी असंतुलित अतः प्रशासन की दक्षता हेतु जरूरी।

(6) सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा की चिंता
मृत्यु या दम घुटने की घटना हो सकती है।

(B) मेरी कार्रवाई निम्न प्रकार होगी →
(1) सर्वप्रथम हाथ से मैला ढोने को रोकने की कोशिश करना इसके लिए <u>निगम ठेकेदार</u> को सख्त चेतावनी

देते हुए मशीनों द्वारा नालों की सफाई करवाना। उसे बैंडिकूट जैसे रोबोट सफाई तरीकों से अवगत कराना

(2) आपातकाल में पूरी सुरक्षा और बचाव तरीकों, उपकरणों का प्रयोग करते हुए सफाई सुनिश्चित करना।

(3) खुले सीवेज को ढकवाना ताकि उससे आस-पास का वातावरण प्रभावित न हो।

(4) स्वास्थ्य, जैसा रक्त के लिए चिकित्सीय सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता।

(5) लोगों को स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के लिए जागरूक करना

(6) अस्पृश्यता निवारक कानून का सख्ती से पालन तथा गरीब

लोगों को उनके अधिकारों के बारे में पर्याप्त जागरूक करना।

(7) स्कूलों, मीडिया, NGO, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर जनजातियों में जागरूकता का प्रसार करना।

(8) कौशल प्रशिक्षण हेतु स्वयं सहायता समूह गठन में मदद और विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं की मदद लेना

इस प्रकार अल्पकालीन रूप में विवेक समझ तथा दीर्घकालीन रूप से अस्पृश्यता, गरीबी, बेरोजगार की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. You have recently been posted as a District Development Officer in a traditionally rural area that has seen rapid economic development in the past few years. You notice that there is a huge disparity between the number of male and female children in the area. When you go to the hospital and check the birth registry, you realise that registered new-born babies are mostly males. On further investigation, you notice a similar pattern in the village primary school, which has more male students than females.

When you raise the issue with your colleagues, they ignore it and carry on with their work. You suspect that the practice of female foeticide may be entrenched in the area as you had read about the issue in the context of this state while studying for the Civil Services Examination. It seems to you that respected members of the community like doctors, politicians and government officials have chosen to ignore the issue, given the prevalence of patriarchy and mind-set of voters in the area. Thus, despite rapid economic development, preference for male child continues to persist.

Based on the information above, answer the following:

**(a)** Do you have any ethical duty in this scenario? Justify your views.

**(b)** What would be your next steps and why? **(20)**

हाल ही में आपको एक पारंपरिक ग्रामीण क्षेत्र में एक जिला विकास अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान तेजी से आर्थिक विकास हुआ है। आप पाते हैं कि उक्त क्षेत्र में बालक और बालिकाओं की संख्या में अत्यधिक असमानता विद्यमान है। आप अस्पताल जाकर जब जन्म की रजिस्ट्री की जाँच करते हैं, तो आप पाते हैं कि पंजीकृत नवजात शिशुओं में ज्यादातर बालक हैं। आगे जांच करने पर, आपको गांव के एक प्राथमिक स्कूल में भी ऐसा ही पैटर्न नज़र आता है जिसमें बालिकाओं की तुलना में बालक अधिक हैं।

जब आप अपने सहयोगियों के समक्ष यह मुद्दा उठाते हैं, तो वे इसकी अनदेखी कर अपना काम जारी रखते हैं। आपको संदेह है कि इस क्षेत्र में कन्या भ्रूण हत्या की प्रथा व्याप्त हो सकती है जैसा कि आपने सिविल सेवा की परीक्षा हेतु अध्ययन करते समय इस राज्य के संदर्भ में इस मुद्दे के बारे में पढ़ा था। आपको लगता है कि चिकित्सकों, राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों जैसे समुदाय के सम्मानित सदस्यों ने पितृसत्तात्मकता की व्यापकता और इस क्षेत्र के मतदाताओं की मन:स्थिति को देखते हुए इस मुद्दे की अनदेखी की है। इस प्रकार, द्रुत आर्थिक विकास के बावजूद, बालकों के प्रति वरीयता जारी है।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** क्या इस परिदृश्य में आपका कोई नैतिक कर्त्तव्य है? अपने विचारों का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**(b)** आपका अगला कदम क्या होगा और क्यों?

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रस्तुत प्रकरण में विकास और समृद्धि के उपरांत भी भ्रूण हत्या और बढ़ती पितृसत्तात्मकता का मुद्दा निहित है। आर्थिक सर्वे 2016-17 में इसी प्रकार की समस्या को दर्शाया गया है।

(b) उपरोक्त परिस्थिति में मेरे निम्न नैतिक कर्तव्य होंगे :→

① वास्तविक स्थिति को समझना -

कन्या भ्रूण हत्या की संदेहास्पद स्थिति किसी ठोस रिसर्च पर आधारित नहीं होना चिंता का विषय है। अतः मैं विभिन्न NGO, सरकारी मशीनरी के साथ मिलकर वास्तविक आंकड़ो को इकट्ठा करूँगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) मेरा कर्तव्य है कि भ्रूण हत्या के विभिन्न कारणों को खोजू ताकि उन कारणों को समाप्त कर भ्रूण हत्या को रोका जा सके।

(3) मेरा तीसरा कर्तव्य है कि उन तरीकों को खोजू जिनके माध्यम से भ्रूण हत्यायें की जा रही है।

(4) आखिर तीव्र आर्थिक विकास के उपरांत भी बालिकाओं की संख्या क्यों गिर रही है ~~क्या~~ इसकी जांच।

(5) नैतिक दृष्टि से समाज में लैंगिक समानता और संवेदनशीलता निश्चित करना मेरा कर्तव्य है।

(6) अपराध करने वाले डॉक्टरों को सजा दिलाना, भ्रूण जांचों को रोकना

(7) एक नागरिक के रूप में भी मेरा कर्तव्य है कि लोगो में रूढ़िवादी प्रवृत्ति को बढ़ने से रोकूं।

वर्तमान भारतीय समाज में विधि का शासन, गरिमापूर्ण जीवन तथा संतुलन के लिए बालिकाओं का अनुपात लड़कों के बराबर होना चाहिए।

(8) भविष्य में लड़कियों की संख्या कम होने पर लड़कियों की खरीद-बिक्री, अपराध बढ़ने का डर है। अतः रोकना जरूरी।

(B) मेरे कदम –

(1) सर्व प्रथम मैं विभिन्न NGO और स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से लोगों में लड़कियों के महत्व की जागरूकता को प्रसारित करवाने की कोशिश करूंगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) टी.वी, रेडियो, सोशल मीडिया की भी मदद ली जाएगी।
(3) पुलिस के सहयोग से सभी ऐसे भ्रूण जांच केंद्रों को पता लगाकर पकड़ना।
(4) अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही
(5) समान विचार रखने वाले राजनेता प्रशासकों की मदद लेना।
(6) खिलाड़ी, फिल्मी अभिनेता अन्य सम्मानित हस्तियों की मदद लेना।
(7) पंचायती राज संस्थाओं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं का डाटाबेस रखना बनाना तथा उनकी मोनिटरिंग करना।
(8) तकनीक का प्रयोग, ट्रैकिंग करना।
इस प्रकार भ्रूण हत्या को रोकना वर्तमान और दीर्घकालीन दृष्टि से ही नहीं बल्कि नैतिक दृष्टि से भी उचित होगा

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** Party X has a clear majority in the Lok Sabha. However, because of it falling short of majority in the Rajya Sabha, a large number of its bills are getting stalled in the Upper House. Elections of a key state are around the corner and the party desperately needs to win, for it to secure a majority in the Rajya Sabha. As part of its campaign strategy, the social media head of the party suggests an insidious strategy to make electoral gains. A part of the strategy involves sending out questionnaires online and promoting them using ads. The response filled by people to these online questionnaires will help reveal their key personality traits to the social media team of the party. These behavioral science insights would be important in helping candidates tailor their campaign messages according to the recipient's personality traits. However, because the content of the questionnaire is incendiary and polarizing, the social media team decides to use fake accounts to administer data collection on social media platforms to avoid getting penalised. In addition, the strategy also involves sending out provocative content through online ads and fake news reports. This goes against the spirit of free and fair elections and violates the Election Commission guidelines on multiple levels.

As one of the key members of the social media team of the party, you have been entrusted with carrying out this campaign successfully.

**(a)** What are the key ethical issues involved in this case.

**(b)** What is the course of action you would take? Give reasons for your response in a situation like this? **(20)**

लोक सभा में एक राजनीतिक दल X का स्पष्ट बहुमत है। हालांकि, राज्य सभा में बहुमत की कमी के कारण उच्च सदन में बड़ी संख्या में इस दल के विधेयक अवरुद्ध होते जा रहे हैं। एक प्रमुख राज्य में चुनाव होने वाले हैं और राज्य सभा में बहुमत जुटाने के लिए इस दल के लिए जीतना अत्यंत आवश्यक है। अपनी अभियान की रणनीति के हिस्से के रूप में, दल के सोशल मीडिया प्रमुख चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए कपटी रणनीति का सुझाव देते हैं। इस रणनीति का एक भाग ऑनलाइन प्रश्नावली भेजना और विज्ञापनों का उपयोग करके उन्हें बढ़ावा देना है। इन ऑनलाइन प्रश्नावलियों के लिए लोगों द्वारा दिए गए जवाब, राजनीतिक दल की सोशल मीडिया टीम के समक्ष लोगों के व्यक्तित्व के प्रमुख लक्षणों को प्रकट कर देंगे। व्यवहारात्मक विज्ञान की ये अंतर्दृष्टियाँ (सूक्ष्म दृष्टि), संदेश प्राप्तकर्ता के व्यक्तित्व के लक्षणों के अनुसार उम्मीदवारों को अपने चुनाव अभियान का संदेश/रूपरेखा तैयार करने हेतु सहायता करने में महत्वपूर्ण होंगी। चूंकि, प्रश्नावली की विषय-वस्तु उत्तेजक और ध्रुवीकरण करने वाली है, इसलिए सोशल मीडिया टीम दंडित होने से बचने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डेटा संग्रह प्रशासन के लिए नकली खातों का उपयोग करने का निर्णय लेती है। इसके अतिरिक्त, इस रणनीति में ऑनलाइन विज्ञापनों और फर्जी समाचार रिपोर्टों के माध्यम से उत्तेजक सामग्री भेजना भी शामिल है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के विरूद्ध है और कई स्तरों पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है।

दल की सोशल मीडिया टीम का एक प्रमुख सदस्य होने के नाते, आपको सफलतापूर्वक यह अभियान चलाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) इस प्रकरण में सम्मिलित प्रमुख नैतिक मुद्दे क्या हैं?

(b) आपके द्वारा की जाने वाली कार्रवाई क्या होगी? इस तरह की स्थिति में अपनी अनुक्रिया के कारण बताएं?

प्रस्तुत प्रकरण चुनावों में भ्रष्टाचार और स्वतंत्र निष्पक्ष चुनावों की भावना का उल्लंघन करता है

| प्रमुख हितधारक | हित |
| --- | --- |
| (1) राजनीतिक दल X | + चुनाव जीतना<br>+ लोगों से वोट लेना |
| (2) अन्य राजनीतिक दल | + निष्पक्ष चुनाव |
| (3) चुनाव आयोग | + स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव<br>+ उत्तेजक ध्रुवीकरण अभियानों पर रोक<br>+ चुनावों पर जन विश्वास |
| (4) मीडिया | + पारदर्शिता<br>+ जवाबदेही |
| (5) सोशल मीडिया टीम | + नैतिकता का पालन<br>+ व्यावसायिक नैतिकता |

Don't write anything in the margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(d) प्रमुख नैतिक मुद्दे जो अन्तर्निहित है –

(1) वोटरों को झूठी एवं भ्रामक जानकारी पहुंचाने का मुद्दा

(2) निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की जगह छल और ध्रुवीकरण द्वारा लोगों को बांटना।

(3) सोशल मीडिया का प्रयोग करके भ्रामक जानकारी प्रसारित करना।

(4) लोकतंत्र की गरीमा का उल्लंघन।

(5) जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 29 तथा 123 का उल्लंघन।

(6) झूठी खबरों का प्रचार करना पोस्ट ट्रुथ की उल्लंघन स्थिति में ले जाता है

(7) विपक्षी दलों के साथ छल करना

(8) चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(9) भ्रष्टाचार को बढ़ाने का मुद्दा भी सम्मिलित है।

(10) समाज का ध्रुवीकरण राष्ट्रीय एकता-शांति और अहिंसा के खिलाफ कानून व्यवस्था का मुद्दा भी है।

(11) आई-टी एक्ट 2000 की धारा 67, 69(A) का भी उल्लंघन करता है भ्रामक जानकारी का प्रसार करके।

(b) मेरे द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं उसका कारण -

(1) दल की सोशल मीडिया टीम का एक प्रमुख सदस्य होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इस प्रकार के अवैध, अनैतिक और गैर संवैधानिक, राष्ट्रविरोधी कृत्य को करने से इंकार करूं।

Don't write anything in the margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) एक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के कारण बंधुत्व की भावना और भारत को प्रभुत्व सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक बनाने का कर्तव्य मेरा भी है।

(3) मेरी अन्य कार्रवाई मेरे सहकर्मियों को भी इस प्रकार की कार्रवाई करने से रोकना होगा ताकि राजनीतिक दल को अपनी रणनीति परिवर्तित करने के लिए दबाव डाला जा सके।

(4) मेरी अन्य कार्रवाई विहसल ब्लोअर बन जाने की होगी ताकि लोकतंत्र की रक्षा और स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव हो सके।

इस प्रकार मेरे द्वारा सभी मुद्दों को दूर किया जा सकेगा और यही सर्वश्रेष्ठ समाधान होगा।

11. You are posted as the District Magistrate in a district, which has witnessed communal clashes in recent years. The lower court has given a verdict in favour of a person from the minority community who seeks demolition of a religious building situated in his personal property. The district administration has been instructed to fulfil this verdict. Despite the judicial verdict, there is some anger simmering in the people from the majority community regarding this verdict. Some groups have demonstrated protests against the verdict and publicly warned of serious consequences if the verdict is allowed to be implemented. Local politicians are also supporting them and are taking advantage of the situation for political gains. You have three days left to demolish the religious building as per the court's direction.

Given the situation, answer the following:

**(a)** Identify the stakeholders in the given situation and their respective interests.

**(b)** Highlight the options available to you and the course of action you will take, giving reasons for the same. **(20)**

आप हाल के वर्षों में सांप्रदायिक झड़पों के साक्षी रहे एक जिले में जिलाधिकारी के रूप में तैनात हैं। निचली अदालत ने अल्पसख्यक समुदाय के एक व्यक्ति के पक्ष में निर्णय दिया है जो अपनी निजी संपत्ति में स्थित एक धार्मिक भवन गिराना चाहता है। जिला प्रशासन को यह निर्णय कार्यान्वित करने का निर्देश दिया गया है। न्यायिक निर्णय के बावजूद इस निर्णय के संबंध में बहुसंख्यक समुदाय के लोगों में अंदर ही अंदर कुछ गुस्सा है। कुछ समूहों ने इस निर्णय के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन भी किया है और न्यायिक निर्णय को कार्यान्वित किए जाने पर सार्वजनिक रूप से गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। स्थानीय राजनेता भी उनका समर्थन कर रहे हैं और राजनीतिक लाभ के लिए इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं। अदालत के निर्देशानुसार धार्मिक भवन को गिराने के लिए आपके पास तीन दिन का समय बचा है।

इस स्थिति को देखते हुए, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** दी गई स्थिति में हितधारकों और उनके संबंधित हितों की पहचान कीजिए।

**(b)** आपके पास उपलब्ध विकल्पों और की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डालते हुए, ऐसी कार्रवाई के लिए उचित कारण भी बताइए।

न्यायपालिका की गरिमा की रक्षा और न्यायिक आदेश का पालन एवं जिलाधिकारी के रूप में मेरा प्रमुख कर्तव्य है। साथ ही कानून व्यवस्था

Don't write anything in this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

बना कर रखना भी मेरी जिम्मेदारी है।

(१) उपरोक्त प्रकरण में प्रमुख हितधारक और उनके हित

| हितधारक | हित |
| --- | --- |
| ① न्यायपालिका | + न्याय का शासन<br>+ आदेश का शब्दशः पालन हो।<br>+ प्रशासनिक सहयोग<br>+ न्यायिक गरीमा की रक्षा |
| ② अल्पसंख्यक जाति | + विधिक अधिकार की रक्षा हो<br>+ डर भय बिना गरीमापूर्ण जीवन |
| ③ बहुसंख्यक | + धार्मिक स्थलों की रक्षा<br>+ सांस्कृतिक स्थलों की रक्षा |

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

| | |
|---|---|
| (4) प्रशासन | + कानून व्यवस्था का पालन<br>+ न्यायिक आदेश का शब्दशः पालन<br>+ लोगों के असंतोष को दूर करना |
| (5) राजनेता | + वोट प्राप्त करना<br>+ जनता की माँगों को प्रशासन समक्ष प्रस्तुत करना |

(B) मेरे पास उपलब्ध विकल्प -

(1) बहुसंख्यक वर्ग की चेतावनी के कारण न्यायिक आदेश का पालन कराने से रोकना।

(2) बल प्रयोग से न्यायिक आदेश का शब्दशः पालन।

(3) कोई कार्रवाई नहीं करना और अवकाश पर चला जाना

(4) बहुसंख्यक वर्ग से वार्ता और उन्हें समझाकर न्यायिक आदेश का पालन।

मेरे द्वारा की जाने वाली कार्रवाई एवं उसके पीछे कारण -

(1) मैं ~~उत्पीड़ित~~ की बहुसंख्यक वर्ग के नेताओं से (प्रतिनिधियों) से वार्ता करूँगा। उन्हें अपना पक्ष रखने को बोलूँगा। यदि उनका पक्ष उचित लगता है तो उन्हें न्यायपालिका के समक्ष जाने और स्टे आदेश लाने को कहूँगा।

इससे उनके साथ अन्याय भी नहीं हो पायेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② यदि लगता है कि बहुसंख्यक वर्ग केवल जोर जबरदस्ती से न्यायिक आदेश पालन कराने से रोकना चाहता है तो इस स्थिति में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और उत्पाति लोगों की गिरफ्तारी द्वारा न्यायिक आदेश का पालन कराया जाएगा।

सभी पक्षों के समक्ष न्यायपालिका के पास जाने और न्यायिक आदेश पर स्टे आदेश लाने का विकल्प है किंतु बल पूर्वक न्यायिक आदेश का पालन रोकना प्रशासक के लिए उचित नहीं है। पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ न्यायिक आदेश का शांतिपूर्ण पालन होगा।

Don't write anything in this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

12. You are the Superintendent of Police of a city where a large slum has developed in recent decades on the property of Indian Railways. The Indian Railways has prepared a plan for expansion of the city railway station for which they want to get the slums demolished. They have requested the assistance of local police for the same; however, the people residing in those slums have responded angrily to this step and have occupied the railway tracks, resisting any action by the officials. Slum dwellers are asking for a suitable rehabilitation, citing that the city is under the grip of a cold wave as the month of December is in progress. This has not only halted the railway traffic on the route causing immense hardships to railway passengers but also posing risk of violence between slum-dwellers and the police.

Given the situation

**(a)** Identify various issues involved in the case along with different stakeholders.

**(b)** What course of action would you follow to end this situation of confrontation and resume normal functioning of the Railways? **(20)**

आप एक शहर में पुलिस अधीक्षक हैं जहाँ हाल के दशकों में भारतीय रेलवे की संपत्ति पर एक बड़ी मलिन बस्ती (झुग्गी) विकसित हो गई है। भारतीय रेलवे ने शहर के रेलवे स्टेशन के विस्तार की योजना बनाई है, जिसके लिए वह झुग्गियों को ध्वस्त करवाना चाहती है। रेलवे ने इसके लिए स्थानीय पुलिस की सहायता का अनुरोध किया है, हालांकि इन मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों ने इस कदम पर गुस्से से प्रतिक्रिया दी है और अधिकारियों द्वारा किसी भी कार्रवाई का विरोध करते हुए रेलवे ट्रैक पर कब्जा कर लिया है। इन मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग, यह हवाला देते हुए उपयुक्त पुनर्वास की मांग कर रहे हैं कि शहर शीतलहर की चपेट में है क्योंकि दिसंबर का महीना चल रहा है। इससे न केवल उक्त मार्ग पर रेल यातायात ठप हो गया है जिससे रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों और पुलिस के बीच हिंसा का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।

इस स्थिति को देखते हुए-

**(a)** विभिन्न हितधारकों के साथ-साथ इस प्रकरण में शामिल विविध मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** आप टकराव की इस स्थिति को समाप्त करने और रेलवे का सामान्य कामकाज फिर से शुरू करने के लिए क्या कार्रवाई करेंगे?

रेलवे जैसी सार्वजनिक संस्थानों की सम्पत्ति पर कब्जा और अवैध बस्ती निर्माण बढ़ते शहरीकरण और आवास की समस्या को प्रस्तुत करती है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) प्रमुख हितधारक और उनके हित

① भारतीय रेलवे — + व्यवसायिक विस्तार
+ अपनी सम्पत्ति पर अधिकार
+ रेल यात्रियों को सुविधा

② स्थानीय पुलिस — (+) कानून व्यवस्था
(+) रेल यात्रियों की रक्षा
(+) शांतिपूर्ण पुनर्वास

③ स्थानीय बस्ती के निवासी — (+) गरिमापूर्ण जीवन
(+) रोजगार
(+) शीतलहरी से रक्षा

④ रेल यात्री — (+) आवागमन की सुविधा
(+) उपभोक्ता सुविधायें

विविध मुद्दे ① पहला मुद्दा पुनर्वास का है। कच्ची बस्ती निवासियों को

पुनर्वास कैसे हो यह मुद्दा।

(2) गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार बनाम बस्ती खाली कराना।

(3) स्वास्थ्य का अधिकार शीतलहरी से सुरक्षा का अधिकार

(4) रेलवे व्यवसायिकरण द्वारा यात्रियों को सुविधा बनाम आवास का अधिकार।

(5) महिलाओं की रक्षा बनाम पुलिस से अंजानित झड़प का मुद्दा।

(6) जीवन का अधिकार बनाम व्यवसाय का अधिकार।

(D) कार्रवाई निम्न प्रकार होगी →

(1) पुनर्वास की खोज की नीति

और पुनर्वास सुविधा प्रदान करने के विभिन्न न्यायिक आदेशों के आलोक में रेलवे अधिकारियों से वार्ता करना।

(2) शीतलहरी की स्थिति में पुनर्वास नीति को कुछ महीने रोकना।

(3) तब तक आवास व वैकल्पिक सुविधाओं का निर्माण सुनिश्चित कराना।

(4) गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार महत्वपूर्ण किंतु अवैध कब्जा अविधिक अतः बस्ती के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उत्प्रेरणा से उन्हें बस्ती खाली कराने का मनोनयन

(5) महिला गरिमा, बाल संरक्षण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

हेतु NGO और सिविल समाज की मदद पुनर्वास के समय लेना।

(7) पर्याप्त शीत प्रबंधन के उपाय करना।

इस प्रकार उपरोक्त कार्रवाई द्वारा सभी हितों और मुद्दों को समाधान का लिया जाएगा।